प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एव निजी क्षेत्र की संस्थाए।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2024 / 9005 **लखनऊः दिनांकः 12/02/2024**

विषयः सत्र 2023–24 हेतु परिषद कार्यालय के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर किये गये आवेदनों को अग्रसारित कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया, सादर अवगत कराना है कि परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एव निजी क्षेत्र मे स्थापित संस्थाओ मे अध्ययनरत् छात्र / छात्राओ के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति सबधी आवेदन आप द्वारा समाज कल्याण के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर अग्रसारित किये गये है। छात्र / छात्राओ के उक्त आवेदनो को परिषद स्तर से भी समाज कल्याण के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर ऑनलाइन अग्रसारित किया जाना है। इस हेतु निम्न अभिलेखो की आवश्यकता है –

1. परिषद द्वारा निर्गत विगत तीन वर्षो के सम्बद्धता / सम्बद्धता विस्तार पत्र।
2. छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर लॉक किये गये मास्टर डाटा की सत्यापित प्रति।
3. पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप–1 पर छात्र / छात्राओ का ब्रांचवार एव वर्षवार विवरण।
4. छात्र / छात्राओ के आनलाइन अग्रसारित किये गये आवेदनों की सत्यापित सूची प्रारूप–1 के अनुसार।
5. निर्धारित प्रारूप पर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 हेतु नोटरी शपथ पत्र (रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर)

अत आप स्वय / संस्था मे छात्रवृत्ति का कार्य देखने वाले कार्मिक को उपरोक्त अभिलेखो के साथ परिषद कार्यालय मे दिनाक 16.02.2024 तक उपस्थित होकर अपनी संस्था के छात्र / छात्राओ के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 के आवेदनों को अग्रसारित कराना सुनिश्चित करे। यह कार्य अत्यत महत्वपूर्ण एव समयबद्ध है, जिस कारणवश इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। यदि आप द्वारा उपरोक्त कार्य मे शिथिलता बरती जाती है तो आपकी संस्था के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति संबधी आवेदनो को अग्रसारित नही किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य / निदेशक का होगा।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

12/02/24

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव / कृते सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2024 / 9006-07 **तद्दिनांकः 12/02/2024**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन।

2 निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।

12/02/24

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव / कृते सचिव

प्रारूप—1

संस्था का कोड व नामः

क्र0 स0	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम का वर्ष	अनुमोदित कुल सीटों की सं0	अग्रसारित किये गये आवेदनों का विवरण					
				OBC	SC	ST	Minority	Genral	Total
1.	ब्रांच का नामः	प्रथमः							
		द्वितीयः							
		अंतिमः							
2.	ब्रांच का नामः	प्रथमः							
		द्वितीयः							
		अंतिमः							

संस्था के छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नोडल अधिकारी का
नामः
पदनामः
मोबाइल नं0ः
ई—मेल आई.डी.ः

संस्था प्रधानाचार्य/
निदेशक ह0 मुहर सहित
नामः
पदनामः
मोबाइल नं0ः

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उप सचिव
प्रा[illegible] परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 हेतु नोटरी शपथ पत्र का प्रारूप (रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर)

समक्ष– प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

मै शपथी .... (नाम) .... (पदनाम) ....

संस्था का कोड व नाम शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूँ।

1. छात्रवृत्ति हेतु योजनान्तर्गत अग्रसारित किये गये आवेदन की सूची में अंकित छात्र/छात्राए संस्था में अध्ययनरत है।
2. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन का विधिवत परीक्षण/ मिलान कर लिया गया है। भरी गयी सभी प्रविष्टि सही एवं त्रुटिरहित है।
3. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत जारी गाइड लाइन के अनुसार केवल पात्र छात्र/छात्राओं का ही आवेदन अग्रसारित किया गया है।
4. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत केवल उन्हीं छात्रों का आवेदन अग्रसारित किया गया है, जिन्होने राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना अथवा अन्य किसी छात्रवृत्ति योजना में आवेदन नही किया गया है।
5. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत किसी अपात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन अग्रसारित नहीं किया गया है।
6. नान काउन्सिलिंग छात्र/छात्राओं का डाटा उक्त नियम अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं हेतु वर्ष 2018–19 से एवं सामान्य वर्ग के छात्र–छात्राओं हेतु वर्ष 2020–21 से लागू शासनादेश के अनुसार किया गया है।

ह0 (मुहर सहित)
प्रधानाचार्य/निदेशक

(मनेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ